प्रकाशनार्थ।

04 दिसम्बर,2023 गोरखपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

गोरखपुर। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री जनरल वी.के. सिंह उपस्थित रहे। इसी उपलक्ष्य में गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 20 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के बारे में ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान एक बहुत बड़ा दान है जिससे लोगों की जिन्दगी बचती है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के लोगों ने जो रक्तदान किया है उसके लिए हम उनके आभारी है।

डॉ. अवधेश अग्रवाल ने आम जन से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान
समाज के सभी लोगों को इस तरह के नेक कार्यों में आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। किसी के रक्तदान करने से व्यक्ति को नया जीवन मिलता है।